# रात की ट्रेनों में फिर बढ़ा यात्रियों का दबाव

## रोज़गार के लिए सूरत, पुणे और मुंबई जाने वालों को उठानी पड़ रही परेशानी

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 जून. जंक्शन पर इन दिनों यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। बड़ी संख्या में श्रमिक और कामकाजी लोग रोज़गार की तलाश में सूरत, पुणे और मुंबई जैसे शहरों की ओर रवाना हो रहे हैं, जिसके कारण ट्रेनों में क्षमता से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं।**



जंक्शन से होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में इन दिनों यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार बड़ी संख्या में श्रमिक वर्ग के लोग रोजगार और आजीविका के लिए सूरत, पुणे, मुंबई सहित अन्य औद्योगिक शहरों की ओर जा रहे हैं। इसके चलते स्टेशन पर भीड़ का आलम बना हुआ है। स्थिति यह है कि कई ट्रेनों के सामान्य डिब्बों के साथ.साथ आरक्षित कोचों के बाहर भी यात्रियों की लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। अत्यधिक भीड़ के कारण अनेक यात्रियों को ट्रेन के भीतर बैठने तक की जगह नहीं मिल पा रही है और उन्हें खड़े होकर सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह जंक्शन विंध्य क्षेत्र का प्रमुख रेलवे केंद्र होने के कारण यहां प्रतिदिन आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में यात्री पहुंचते हैं। रीवा, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज सहित अन्य क्षेत्रों के लोग लंबी दूरी की ट्रेनों से यात्रा करने के लिए सतना जंक्शन का उपयोग करते हैं। विभिन्न जिलों से आने वाले यात्रियों की अधिक संख्या के कारण स्टेशन पर लगातार भीड़ बनी रहती है, जिसका सीधा असर ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर दिखाई देता है। विशेष रूप से रोजगार, शिक्षा और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए बाहर जाने वाले यात्रियों की वजह से कई ट्रेनों में क्षमता से अधिक भीड़ देखने को मिलती है।

### प्रवासी श्रमिकों की भीड़ : मतीन



स्टेशन प्रबंधक ए मतीन ने बताया कि सतना जंक्शन पर बढ़ती भीड़ का प्रमुख कारण रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर जाने वाले श्रमिक हैं। उनके अनुसार बड़ी संख्या में श्रमिक वर्ग के लोग मुंबई पुणे और विशेष रूप से सूरत काम करने के लिए यात्रा करते हैं जिसके चलते स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों का दबाव लगातार बना रहता है।

# चटख धूप के साथ उमस कर रही हलाकान

## बादलों की आवाजाही और छुटपुट बारिश से नहीं मिल रही राहत



नवभारत न्यूज

**सतना 17 जून. प्री मानसूनी गतिविधियों के सक्रिय होने के कारण भले ही भीषण हीट वेव का असर समाप्त हो गया हो, लेकिन चटख धूप के साथ जारी भीषण उमस ने लोगों को हलाकान कर रखा है. वहीं दूसरी ओर मानसून का लंबा होता इंतजार भी लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है.**

मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. हलांकि अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटे में डेढ़ डिग्री की कमी देखने को मिली. लेकिन इसके बावजूद भी यह सामान्य की तुलना में 1.1 डिग्री अधिक पाया गया. तकरीबन यही स्थिति रात के न्यूनतम तापमान में भी देखने को मिली. बुधवार को दर्ज 27.9 डिग्री में भले ही पिछली रात की तुलना में 1.9 डिग्री की कमी देखने को मिली हो. लेकिन इसके बावजूद भी यह सामान्य की तुलना में 0.1 डिग्री अधिक पाया गया. इसी कड़ी में पिछले 24 घंटे में 12 मिमी बारिश भी दर्ज की जा चुकी थी. जिसके चलते हवा में नमी की मात्रा 71 से लेकर 53 प्रतिशत के बीच बनी रही. हवा में बढ़ी हुई नमी का सीधा असर भीषण उमस के तौर पर देखने को मिला. दोपहर बाद तक जारी रही चटख धूप और हवा में नमी की मात्रा ने गर्मी की तासीर को लगभग 4 डिग्री अधिक बढ़ा दिया. हलांकि दोपहर बाद बादलों के मंडराने के दौरान छुपपुट बूंदाबांदी भी देखने को मिली. लेकिन इसके बावजूद भी उमस भरी गर्मी से किसी तरह की राहत मिलती नजर नहीं आई.

### लंबा होता इंतजार

वैसे तो इस बार मानसून के समय से पहले सक्रिय होने की जानकारी सामने आई थी . लेकिन मानसून की सुस्त रफ्तार कुछ ऐसी बताई जा रही है कि फिलहाल उसे छत्तीसगढ़ पहुंचने में भी 4-5 दिनों का समय लग सकता है . इस लिहाज से देखा जाए तो विंध्य में मानसून के पहुंचने का इंतजार लंबा होता नजर आ रहा है . लिहाजा जारी उमस भरी गर्मी के बीच छुटपुट प्री मानसूनी गतिविधियों के जरिए ही थोड़ी-बहुत राहत मिलने की उम्मीद की जा सकती है .

### अमरपाटन जनकल्याण शिविर में 2349 आवेदनों का निराकरण

**मैहर 17 जून.** मैहर जिले के जनपद पंचायत अमरपाटन में मंगलवार को जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष माया विनीत पाण्डेय, वन समिति के सभापति हरीशकातं त्रिपाठी, बृजेश द्विवेदी, जनपद सदस्य कल्पना सिंह, प्रदीप चौरसिया, रामसोहन पाठक, एसडीएम आरती सिंह, जनपद सीईओ वेदमणि मिश्रा सहित पंचायत प्रतिनिधि और सरपंच गण उपस्थित रहे।

# प्राचार्य विहीन महाविद्यालयों को जल्द मिलेंगे प्रभारी प्राचार्य

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 जून. जिले के शासकीय महाविद्यालयों में प्राचार्यों के स्थानांतरण के बाद से प्रभावित हो रहे प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों को पटरी पर लाने के लिए शासन स्तर पर कवायद तेज हो गई है।**

माना जा रहा है कि उच्च शिक्षा विभाग जल्द ही प्राचार्य विहीन कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्यों की नियुक्ति के आदेश जारी कर सकता है। हाल ही में जिले के पीएम श्री महाविद्यालय और शासकीय अमरपाटन महाविद्यालय से प्राचार्यों का स्थानांतरण हो गया था। इसके बाद से दोनों ही शिक्षण संस्थान बिना मुखिया के संचालित हो रहे हैं। प्राचार्यों के न होने के कारण महाविद्यालयों के महत्वपूर्ण प्रशासनिक और वित्तीय कामकाज पूरी तरह ठप पड़े हुए हैंए जिससे छात्रों और स्टाफको परेशानियों का सामना करना पड रहा हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसारए व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए वरिष्ठता को आधार बनाकर नए प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी पीएम श्री महाविद्यालयरू यहाँ सीनियरिटी के आधार पर डॉण् आरएस गुप्ताको प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया जा सकता है ।शासकीय अमरपाटन महाविद्यालयरू इस महाविद्यालय की कमान डॉण् आलोक सिन्हा को प्रभारी प्राचार्य के रूप में सौंपी जा सकती है।

विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इन दोनों ही महाविद्यालयों में प्रभारियों की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया अंतिम चरण में हैए ताकि आगामी सत्र और दैनिक कार्यों में किसी भी तरह का गतिरोध पैदा न हो।

### इनका कहना है

दोनों महाविद्यालय में स्थानांतरण के बाद प्राचार्य विहीन है वरिष्ठता के आधार पर ही प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति की जाएगी

**डॉ महेंद्र मणि** अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा

# रेंजर पति ने पत्नी के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

## कार, नकदी और आईफोन चुराने का आरोप

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 जून. जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र में वन परिक्षेत्र अधिकारी ( रेंजर ) बृजेन्द्र कुमार पाण्डेय ने अपनी कॉन्स्टेबल पत्नी भारती उपाध्याय और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।**

रेंजर का आरोप है कि 16 जून 2026 की रात पत्नी दो अजनबियों के साथ उनके सरकारी आवास पहुंचीं और वहां से एक्सयूवी वाहन, 2 लाख रुपए नकद और एक आईफोन लेकर फरार हो गईं। बरौंधा पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, रेंजर बृजेन्द्र पाण्डेय और उनकी पत्नी भारती उपाध्याय के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों के तलाक का मामला साल 2025 से रीवा के फैमिली कोर्ट में लंबित है। पारिवारिक विवाद के चलते दोनों अलग-अलग रह रहे हैं। पुलिस चोरी की इस शिकायत के तथ्यों की पड़ताल कर रही है। वहीं घटनाक्रम के बाद रेंजर बृजेन्द्र पाण्डेय का संजय टाइगर रिजर्व सीधी ट्रांसफर कर दिया गया है।

### मांगी ताला तोड़ने की अनुमति

इस मामले में बुधवार को एक नया मोड़ तब आ गया जब एक अन्य वीडियो वायरल होने लगा। जिसमें देर रात बरौंधा थाना पहुंची महिला आरक्षक द्वारा रेंजर पति के शासकीय आवास का ताला को तो?ने की अनुमति मांगी जा रही है। हालांकि थाने में उपस्थित मुंशी द्वारा आवेदन की पावती देने से इंकार कर दिया गया। लेकिन इसे लेकर देर रात बरौंधा थाना में हंगामा होता नजर आया।

# फर्जी दस्तावेज से धोखाधड़ी के 2 आरोपी गिरफ्तार

## तीन वर्ष पहले स्कॉर्पियो वाहन में शराब पकड़े जाने का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना 17 जून. सितंबर 2023 में पुलिस द्वारा शराब से लदी स्कार्पियो पकड़ी गई थी. हलांकि उस दौरान शराब की तस्करी करने वाले मौके से भाग निकले थे. लेकिन वाहन स्वामी को केंद्र में रखते हुए जब पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो मामला फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी के तौर पर सामने आया.**

मामले की पुष्टि होने पर सक्रिय हुई पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया. नागौद थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 सितंबर



2023 को ग्राम रहिकवारा तिराहे पर एक स्कार्पियो वाहन को पकड़ा गया था. हलांकि वाहन चालक और सवार भाग निकले थे. लेकिन वाहन में शराब लदी होने के कारण उसे जब्त कर लिया गया था. इस संबंध में जब पुलिस ने वाहन स्वामी श्रीमती पूनम सिंह निवासी दुर्ग छत्तीसगढ़ से जानकारी ली तो उन्होंने बताया था कि पलामू झारखण्ड निवासी सुखेंद्र उर्फ राहुल सिंह के नाम से वाहन का किरायानामा बना हुआ है. लेकिन वहीं दूसरी ओर जब पुलिस ने सुखेंद्र सिंह से संपर्क कर मामले को क्रॉस चेक किया तो उसके द्वारा किरायानामा पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं. जिसे देखते हुए हस्ताक्षर की जांच राज्य विवादास्पद दस्तावेज परीक्षक से कराई गई. जिसमें सुखेंद्र सिंह के हस्ताक्षर नहीं मिले. जिसे देखते हुए पुलिस ने वाहन स्वामी द्वारा अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर आपराधिक षणयंत्र रचने और मिथ्या दस्तावेज प्रस्तुत करने का प्रकरण दर्ज कर लिया गया.

### मां की जगह बेटे ने किए हस्ताक्षर

पुलिस ने जब वाहन स्वमी को दस्तयाब कर पूछताछ की तो मालुम हुआ कि उनका बेटा अंकित सिंह वाहन लेकर घूमने गया था . इसी दौरान चालक मोहन सिंह ने अपने उपयोग के लिए वाहन मांग लिया . बाद में मालुम हुआ कि उक्त वाहन में शसाराब पकड़ी गई है . वाहन स्वामी के अनुसार उन्होंने बेटे को पावर आफ एटार्नी दी थी . जिसके आधार पर बेटे ने विक्रम सिंह के नाम से किरायानामा कराया था . उक्त किरायानामा में वाहन स्वामी के बजाए बेटे ने हस्ताक्षर कर दिए थे . जिसे देखते हुए सक्रिय हुई पुलिस ने अंकित सिंह पिता विवेक 24 वर्ष निवासी दुर्ग छत्तीसगढ़ और मोहन सिंह पिता विष्णु 24 वर्ष निवासी रोहतास बिहार को गिरफ्तार कर लिया .

# महिला मोर्चा की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत की रणनीति बनी

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 जून. भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, भरहुत नगर में भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे के आगमन को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. स्वप्ना वर्मा की उपस्थिति में वृहद तैयारी बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई तथा एक-एक कार्यकर्ता को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपकर कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई।



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे के प्रथम सतना आगमन को ऐतिहासिक, भव्य एवं गरिमामय बनाने के लिए शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्वागत मंच, पुष्पवर्षा, अभिनंदन समारोह एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने की विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को स्वागत, मंच व्यवस्था, संपर्क, प्रचार-प्रसार, अतिथि सत्कार, स्वागत द्वार निर्माण तथा कार्यक्रम समन्वय सहित विभिन्न दायित्व सौंपे गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे के आगमन पर शहर के प्रमुख चैराहों एवं स्थानों पर महिला मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। स्वागत कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन की शक्ति, महिला कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा भाजपा के प्रति जनसमर्थन का प्रभावी प्रदर्शन किया जाएगा।

ये रहे मौजूद - जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, जिला महामंत्री जय प्रताप गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा सिंह यादव, प्रियांशा उरमलिया, अंजना तिवारी, मनीषा सिंह, नीता सोनी, रत्ना चतुर्वेदी, राधा श्रीवास्तव, सुनीता शर्मा, आशा शुक्ला, वर्षा सिंह, श्रद्धा सिंह, चन्द्रप्रभा गौतम एवं आयुषी तिवारी सहित ब?ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम को ऐतिहासिक, सफल एवं यादगार बनाने का संकल्प व्यक्त किया।



# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष के 8 दावेदार, कुल 46 प्रत्याशी

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 जून. जिला अधिवक्ता संघ चुनाव नामांकन जमा करने के अंतिम दिन कुल 46 दावेदारों ने अपने नामांकन जमा कराए जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशियों ने फार्म भरा है.**

गुरुवार का दिन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी इसके बाद नाम वापसी का समय भी प्रत्याशियों को दिया गया. जिला अधिवक्ता संघ सतना के निर्वाचन अधिकारी रमेश मिश्रा ने बताया आज नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक 17/06/26 तक कुल प्राप्त नाम निर्देशन पत्र के अभ्यथि?यो के नाम निम्नानुसार हैं

**अध्यक्ष पद हेतु** अमृत लाल शुक्ला , प्रदीप कुमार पाण्डेय, पुष्पराज सिंह ,सुनील शर्मा ,रत्नेश श्रीवास्तव , ददन सिंह परिहार , राजबहादुर सिंह, रमेश कुमार पाठक **उपाध्यक्ष पद हेतु**- ओम शंकर तिवारी , धर्मेन्द्र मिश्रा,. दिलीप कुमार आर्य ,. शैलेन्द्र कुमार यादव , अरुण सिंह परिहार , कृष्ण कुमार पयासी , शरद मिश्रा ,**सचिव पद हेतु** दिनेश प्रसाद शुक्ला , विपिन कुमार वर्मा , सुनील पाण्डेय शैलेश पाण्डेय **सह सचिव पद हेतु**- सन्तोष कुमार पयासी , मयंक देव सिंह परिहार , यश वर्धन द्विवेदी , सुशील कुमार त्रिपाठी , अनिल कुमार शुक्ला , मनोज कुमार त्रिपाठी **कोषाध्यक्ष पद हेतु** - अन्नपूर्णा तिवारी , शिखा सिंह , वर्षा मिश्रा , नीता यादव ,**ग्रंथपाल पद हेत**-. आशीष कुमार विश्वकर्मा , आशीष शर्मा , कार्यकारिणी सदस्य **( अनारक्षित पद ) हेतु** गोविन्द गैलवानी , उदय कान्त पाण्डेय, अमन द्विवेदी , आकाश कुशवाहा,. बलराम चौधरी, आशीष कुमार मिश्रा, ऋषि नारायण त्रिपाठी, **कार्यकारिणी सदस्य ( महिला आरक्षित पद ) हेतु**-. रीता त्रिपाठी, अनुश्री त्रिपाठी, कीर्ति पाण्डेय , कल्पना चौधरी, रानी जायसवालरश्मि कुशवाहा, सुनीता मिश्रा, अर्चना विश्वकर्मा हैं.

### एक नजर में



### तिघरा खुर्द की चौपाल में गूंजा विकसित भारत का संकल्प

**सतना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मैहर विधानसभा क्षेत्र के अमदरा मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत तिघरा खुर्द के बूथ क्रमांक 30 में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित इस कार्यक्रम में सतना सांसद गणेश सिंह ने शिरकत कर क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से चर्चा कर उनके अनुभव सुने। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद गणेश सिंह ने बड़ा देव स्थल पहुंचकर पूजा-अर्चना से की। इसके पश्चात 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया।

### संतुलन और स्वास्थ्य का आधार है योग : डॉ . रत्नेश

**सतना,** एकेएस विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय व्याख्यानमाला के तृतीय दिवस पर आधुनिक जीवन में योग का महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ . रत्नेश पाण्डेय ने कहा कि बढ़ते तनाव, अनियमित दिनचर्या और बदलती जीवनशैली के बीच योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का प्रभावी माध्यम है ।कार्यक्रम में प्रो . महेंद्र तिवारी, प्रो . कमलेश साजलकर, कार्यक्रम प्रभारी डॉ . दिलीप तिवारी, निशा त्रिपाठी तथा शंखधर मिश्रा सहित शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### रात्रि 11 बजे रक्तदान कर दिया मानवता और सेवा का संदेश

**सतना।** रक्तदान केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि मानव जीवन को बचाने का सर्वोत्तम माध्यम है। इसी भावना को साकार करते हुए रक्त प्रेरक एवं सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी के अनुरोध पर उत्तम अग्रवाल ने रात्रि 11ः00 बजे आपातकालीन आवश्यकता के समय रक्तदान कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की। श्री गेलानी ने कहा रात्रि के समय जब अधिकांश लोग विश्राम कर रहे थे,तब रक्त की आवश्यकता की सूचना मिलते ही उत्तम जी तुरंत अस्पताल पहुंचे और स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज के जीवन की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



### कल मनाया जाएगा श्री गुरु अर्जन देव जी का शहीदी पर्व

**सतना।** पांचवें सिख गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज का शहीदी पर्व कल 18 जून 2026 को सतना के गुरु नानक दरबार, सिटी कोतवाली के पीछे रामना टोला गुरुद्वारा में श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा ।कार्यक्रम का विवरणः सुबह 9ः00 बजे से 11ः00 बजे तक गुरु दरबार में कीर्तन, उसके बाद अरदास और संगत सेवा।-छबील सेवाः सुबह गुरु नानक दरबार में छबील सेवा होगी। 11 बजे के बाद स्टेशन रोड और अस्पताल चौराहे पर दोपहर 12ः00 बजे से प्रेम नगर दुर्गा मंदिर के सामने छबील सेवा आयोजित की जाएगी।



# चेम्बर अध्यक्ष पद के दावेदार संदीप जैन ने बाजार में दिखाई अपनी ताकत

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 जून. विंध्य चेंबर आंफ कामर्स के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार संदीप जैन ने आज अपने समर्थकों के साथ बाजार क्षेत्र में जन संपर्क करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया ।**

महावीर कालोनी से गौशाला चौक, सब्जी मंडी, सुभाष चौक, लाल बहादुर शास्त्री मार्केट, नवदुर्गा चौक, लालता चौक, गांधी चौक, शास्त्री चौक, हनुमान चौक, पुराना पावर हाउस चौक, पन्नीलाल चौक, चौक बाजार, महावीर भवन, बिहारी चौक, होते हुए यह जन संपर्क जयस्तंभ चौक में समाप्त हुआ । इस दौरान वर्तमान चेंबर महामंत्री जो कि क्लाथ मर्चेंट एसोसिएशन के भी महामंत्री है, का व्यापारियों ने जोरदार समर्थन करते हुए उन्हे भारी बहुमत से विजयी होने का आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर गिरीश शाह, सीताराम अग्रवाल रामू, राकेश अग्रवाल, रामवतार चमड़िया ,विजय अग्रवाल विज्जू, राजू अग्रवाल, ओमप्रकाश केशरवानी, विष्णु अग्रवाल, ओम प्रकाश शर्मा, केशव माखीजा, रविन्द्र दुदानी, विजय गाजरानी, दिनेश तिवारी, अनिल जैन, संजय तिवारी, राजेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, विजय खिलवानी, संजय जायसवाल, राजेश केशरवानी, धनेश गुप्ता, कामता गुप्ता, राजू अग्रवाल चाचा, समीर त्रिपाठी, प्रखर श्रीवास्तव, विनोद गर्ग, श्रीकांत गांधी, विमल मुरारका, रमेश रामानी, बलराम शुक्ला,मोना जानवानी, जतिन शाह, लोकेश माखीजा, नितिन पारेख, ओम प्रकाश शर्मा, रामावतार चमड़िया, सुनील नारंग,प्रखर श्रीवास्तव, पी के जैन,अमर आहूजा, अमर भगवानी, शंकर सेनानी, मनोज चतुर्वेदी, रमेश तिवारी, कमल जानवनी, व्यापारी उपस्थित रहे।

# पेंशनरों की मांग महंगाई भत्ता व राहत का 50 फीसदी मूल में जोड़ा जाए

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 जून. भारत सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों की महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की 50त्न धनराशि मूल वेतन और पेंशन में शामिल कर 1 जनवरी 2026 से भुगतान करने का आदेश जारी कर दिया है.**

इसका स्वागत करते हुए भारत पेंशनर समाज के जिला सतना के अध्यक्ष हरिप्रकाश गोस्वामी ने प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से निवेदन किया है कि वे भी केंद्र सरकार के अनुसार मध्य प्रदेश के कर्मचारी और पेंशनरों को 1 जनवरी 2026 से उनकी महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की 50त्न धनराशि मूल पेंशन और वेतन में शामिल करने का कष्ट करें श्री गोस्वामी जी ने यह भी बताया की जुलाई में होने वाले पेंशनरों के प्रांत व्यापी आंदोलन में इस मांग को शामिल कर पुरजोर ढंग से उठाया जाएगा

# एनएसडी-इंडियन ऑयल बाल रंगमंच कार्यशाला का समापन

## 'शबरी के राम' ने छोड़ी गहरी छाप, दर्शकों ने सराहा अभिनय, सांसद बोले—चित्रकूट की सांस्कृतिक विरासत को मिले राष्ट्रीय पहचान

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 जून. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ( एनएसडी ), नई दिल्ली एवं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ( आईओसीएल ) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रोडक्शन ओरिएंटेड चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप का बुधवार को समापन हुआ।**

लगभग एक माह तक चली इस रंगमंचीय कार्यशाला के समापन अवसर पर तैयार बाल नाट्य प्रस्तुति 'शबरी के राम' का मंचन महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट के वाल्मीकि सभागार में किया गया। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि सतना सांसद गणेश सिंह रहे। बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नाटक 'शबरी के राम' ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। भगवान श्रीराम और माता शबरी के प्रेम, भक्ति, समर्पण तथा मानवीय मूल्यों पर आधारित इस प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और नैतिक आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त संदेश दिया। इस नाट्य प्रस्तुति का निर्देशन सुप्रसिद्ध रंगकर्मी मुस्कान गोस्वामी ने किया। अदिति गुप्ता ने सहायक निदेशक तथा प्रवीण चोरगड़े ने वर्कशॉप कोऑर्डिनेटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं वेशभूषा की जिम्मेदारी अदिति जोशी ने संभाली। कार्यशाला के दौरान बच्चों को अभिनय, संगीत, नृत्य, वॉइस एंड स्पीच, चित्रकला, मंच सज्जा तथा व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों ने रंगमंच की विभिन्न विधाओं को सीखते हुए अपनी रचनात्मक क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल और आत्मविश्वास को विकसित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने बाल कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि चित्रकूट वनांचल से जुड़ा माता शबरी और प्रभु श्रीराम का प्रसंग क्षेत्र की सांस्कृतिक और भावनात्मक पहचान का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु चित्रकूट की पावन भूमि पर भी पहुंचना चाहता हैण